तापमान

अधिकतम 37 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 17 मई 2024

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 गायत्री प्रज्ञा पीठ पटना में ट्रस्ट का चुनाव









## खबर संक्षेप

### मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव जारी

**बैकुण्ठपुर।** बीते एक सप्ताह से मौसम में बदलाव के कारण बे मौसम बारिश एवं बौछार के साथ बूंदाबुंदी कई दिनों तक होती रही, इसके बाद अब आसमान में हल्के बादल छा ही रहे हैं। मौसम में बदलाव के कारण मई माह के शुरूआत में तापमान का पारा जहां 40 पार हो गया था, वहीं मौसम में बदलाव के कारण अधिकतम तापमान में 6 डिग्री की कमी आई, इससे भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली रही। जानकारी के अनुसार बीते 10 दिनों तक मौसम में उतार-चढ़ाव के कारण अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे ही रही। मौसम विभाग के अनुसार आज और कल दिन का अधिकतम तापमान 39 रहने की संभावना है, वहीं न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार रविवार से आसमान में बादल पूरी तरह हट जाएंगे और पूरा आसमान साफ हो जाएगा, इसके साथ ही तेजी से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी भी हो जाएगी। एक सप्ताह में 25 मई से नवतपा की शुरूआत होगी, उस दौरान सबसे ज्यादा तपिश का सामना लोगों को करना पड़ेगा। इस दौरान तापमान अपने उच्च स्तर पर पहुंच जाता है।

### 10 वीं में सानवी ने किया टॉप

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के डबरीपारा निवासी सुशील



जायसवाल व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलका एवं नूतन जायसवाल व्याख्याता सेजेस चिरमिरी की सुपुत्री सानवी जायसवाल ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 वीं में 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ कोरिया और एमसीबी जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने परिवार, विद्यालय एवं जिले को गौरवान्वित किया है। विदित हो कि सानवी सेंट जोसेफ इंग्लिश मीडियम स्कूल रामपुर बैकुंठपुर में अध्ययनरत है। सानवी ने अपने सफलता का श्रेय माता-पिता परिवारजन एवं गुरुजन को दिया हैं। सानवी ने कहा कि कड़ी मेहनत से शानदार सफलता प्राप्त किया जा सकता है। सानवी ने गणित और सामाजिक विज्ञान में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त की है।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 20 से

**बलरामपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देश एवं कलेक्टर रिमिजियुस एक्का के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 20 मई से 9 जून तक किया जायेगा। प्रशिक्षण शिविर में एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, खो-खो, खेल सम्मिलित है। 21 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 8 से 17 वर्ष तक आयु वर्ग के सब जूनियर व जूनियर वर्ग के बालक व बालिका भाग ले सकते हैं। यह शिविर प्रतिदिन प्रातः 6 से 8 एवं सायं 4.30 से 6.30 बजे तक निःशुल्क आयोजित की जायेगी। व्हालीबॉल एवं बैडमिंटन खेल प्रशिक्षण फॉरेस्ट कॉलोनी पुलिस लाईन रोड कोर्ट में दिया जाएगा तथा एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी एवं खो-खो खेल का प्रशिक्षण हाई स्कूल के खेल मैदान मे दिया जाएगा। प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी खेल विधाओं के प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। सभी खेलों का प्रशिक्षण खेल के विशेष प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा।

## चनवारीडांड स्थित वन काष्ठागार के पीछे मिली खून से लथपथ लाश

# पत्रकार की हत्या, क्षेत्र में फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

■ जांच में जुटी मनेन्द्रगढ़ पुलिस

गुरुवार की अलसुबह चनवारीडांड स्थित वन काष्ठागार के पीछे एक पत्रकार का रक्त रंजित लाश बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई है। मामले की जांच के लिए अंबिकापुर से फारेंसिक टीम भी पहुंची। समाचार लिखे जाने तक मामले में मृतक की पत्नी से पुलिसिया जांच पड़ताल जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार शहर के चनवारीडांड़ में 16 मई की सुबह मौहारपारा निवासी पत्रकार रईस अहमद उम्र करीब 32 वर्ष का शव मिला है। बताया जा रहा है कि मौहारीपारा ग्राउंड के पास ही पत्रकार का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा था, जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मृतक अपनी ⏭ शेष पेज 4 पर



घटना स्थल पर लगी भीड़। इनसेट में में मृतक।

### घर के पास मिला खून से लथपथ गमछा

पुलिस जांच में पता चला कि रईस अहमद पिछले करीब एक माह से चनवारीडांड़ में किराए के मकान में अपनी पत्नी एवं तीन साल की बेटी के साथ रहता था। उसका शव घर से करीब 200 मीटर दूरी पर मिला है। मकान के पास खून से लथपथ एक गमछा भी मिला है। आशंका है कि रईस की हत्या घर में या घर के पास की गई है, फिर वहां से शव लाकर मैदान में फेंका गया है।

### घर पर आया था बाइक सवार

पुलिस के शुरुआती जांच में पता चला है कि रईस अहमद के मोबाइल फोन पर सुबह करीब 5 बजे दो-तीन कॉल आए हैं, सुबह एक युवक भी उसके घर बाइक से आया था, जो डेढ़ घंटे बाद सुबह घर से गया है। मृतक देर रात तक अपने पत्रकार साथियों के साथ था, लेकिन सुबह उसकी मौत की सूचना मिली। पुलिस मृतक रईस अहमद की पत्नी से भी पूछताछ कर रही है। घटना स्थल पर काफी संख्या में लोग पहुंच गए थे, जिन्हें पुलिस ने हटाया।

### घटनास्थल का एसपी ने किया निरीक्षण

जानकारी के मुताबिक चनवारीडांड़ डिपो के पीछे मौहारीपारा में युवक का शव लोगों ने देखा, इसके बाद सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मनेन्द्रगढ़ टीआई अमित कश्यप पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। युवक की शिनाख्त रईस अहमद उम्र 40 वर्ष के रूप में हुई है। शव औंधे मूंह पड़ा था। युवक पेशे से किसी टीव्ही चैनल में पत्रकार था। एमसीबी जिले के एसपी चंद्रमोहन सिंह ने भी बाद में मौके का मुआयना किया।

# यूकेलिप्टस के 700 से ज्यादा पेड़ कट गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

■ मालिक को पता नहीं, थाना में की शिकायत

एमसीबी जिले के भरतपुर ब्लॉक में वन माफियाओं का हौसला इस कदर बढ़ा हुआ है कि बगैर परमिशन एवं बगैर इजाजत दूसरे के निजी भूमि पर लगी यूकेलिप्टस के 700 पेड़ों को अज्ञात माफियाओं ने काट डाला। हालांकि जमीन एवं पेड़ों पर मालिकाना हक रखने वाला भीमसेन गुप्ता को इसकी जानकारी होते ही उसने पुलिस थाना जनकपुर और तहसीलदार भरतपुर से गुहार लगाई है।

भीमसेन गुप्ता ने लिखित ज्ञापन पत्र देकर उल्लेख किया है कि जनकपुर थानांतर्गत ग्राम मसौरा में मेरा निजी स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 184/4 रकबा 0.23 हेक्टेयर भूमि में स्वयं के द्वारा लगभग 8 वर्ष पूर्व एक हजार यूकेलिप्टस का पौधा लगाया गया था। उक्त पौधा वर्तमान में तैयार होकर वृक्ष बन गए थे, लेकिन 15 मई को दिन के उजाले में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा यूकेलिप्टस के लगभग 700 से ज्यादा पेड़ों को काट डाले। श्री गुप्ता ने बताया कि 16 मई को मैं मौके में गया तो मुझे उक्त यूकेलिप्टस के पेड़ों के कटने की जानकारी होते ही पास-पड़ोस में पता किया पर किसी के द्वारा कोई भी जानकारी नहीं दी गई, इसके बाद मेरे द्वारा तुरंत पुलिस थाना जनकपुर एवं तहसील कार्यालय भरतपुर में लिखित सूचना देकर कार्रवाई की मांग की गई है।



काटे गए पेड़।




# एमसीबी जिले में संचालित स्कूल बसों की जांच आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

■ सुबह 10 बजे आरटीओ कार्यालय में होगी बसों की जांच

उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक डब्ल्यूपीसी पीआईएल को पारित आदेश के तारतम्य में छग शासन परिवहन विभाग की अधिसूचना नवंबर 2015 जारी की जाकर स्कूल बस अनुज्ञा पत्र के लिए शर्ते जारी की गई है एवं सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली द्वारा संदर्भित पत्र में दर्शित 16 बिंदु वाले मापदंड पर वाहन की चेकिंग के लिए पत्र प्राप्त हुआ है।

जिला परिवहन अधिकारी द्वारा बताए गए जानकारी अनुसार संदर्भित पत्र के परिपालन में कोरिया एवं जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में संचालित समस्त स्कूल बसों की चेकिंग 17 मई को प्रातः 10 बजे जिला परिवहन कार्यालय बैकुंठपुर जिला कोरिया में किया जाना है। जिला परिवहन अधिकारी ने जिले समस्त स्कूल बस संचालकों को उक्त स्थान एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है। प्रत्येक स्कूल बस को छग मोटरयान नियम 1994 के नियम 114 के उप नियम (5) के अनुसार पीला रंग में रंगा जाएगा तथा वाहन के सामने एवं पीछे स्कूल बस अंकित किया जाएगा। स्कूल बस के बाह्य भाग में दोनों ओर 9 इंच की एक पट्टी होगी, जिस पर स्कूल का नाम, पता व टेलीफोन, मोबाइल नंबर अंकित किया जाएगा। बसों के खिड़कियों में क्षैतिज के समांतर जाली की व्यवस्था की जाएगी। प्रत्येक स्कूल बस में प्राथमिक उपचार पेटी एवं अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था होगी। प्रत्येक स्कूल बस में प्राथमिक उपचार, विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए एक प्रशिक्षित परिचायक होगा, जो बच्चों को उतारने एवं चढ़ाने में सहायता करेगा। स्कूल बस का संचालन ऐसे चालक द्वारा किया जाएगा, जो स्थायी ड्राइविंग लाईसेंस धारण करता हो तथा जिसके पास भारी वाहन चलाने के लिए न्यूनतम पांच वर्ष का अनुभव हो, ऐसे चालक नियोजित नहीं किए जाएंगे, जिनका सड़क पर लेन व्यवस्था का उल्लंघन करने, सिगनल लाईट का उल्लंघन करने या अनाधिकृत व्यक्तियों को वाहन में चढ़ाने पर वर्ष में दो बार से अधिक चालान किया गया हो। ऐसा चालक नियोजित नहीं किया जाएगा, जिसका एक बार भी अनियंत्रित गति, नशे की हालत में वाहन चलाने तथा खतरनाक ढंग से वाहन संचालन करने के अपराध में चालान किया गया हो। स्कूल संस्थान द्वारा ⏭ शेष पेज 4 पर

### युवक ने ढाबा संचालक के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट

**बैकुण्ठपुर।** बीते दिनों चरचा कॉलरी थाना क्षेत्र में हुए मारपीट के मामले में शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 294, 506, 323, 289 व 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एमएलए नगर बैकुंठपुर निवासी शिकायतकर्ता विश्वजीत कुमार सिंह ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीते 11 मई की रात्रि को अपने साथी अनिल राजवाड़े के साथ कार से खरवत चेरवापारा के माधव ढाबा में खाना खाने गए थे। करीब 11.30 बजे वे माधव ढाबा के बगल में कार खड़ा किया, उसी समय पंचदीप ढाबा के मालिक विपिन कुमार यादव ने गाड़ी खड़ा देखकर गाड़ी हटाने की बात कहते हुए अश्लील गालियां देने लगा और विवाद के बीच मुक्के से मेरे माथे पर जोर से वार किया। इस दौरान मेरा साथी अनिल राजवाड़े बीच बचाव करने लगा तो आरोपी विपिन कुमार ने रॉड से अनिल राजवाडे के पीठ में वार कर दिया और मेरे द्वारा मना करने पर मुझे से विपिन ने रॉड से मारा। विवाद सुनकर आरोपी विपिन का नौकर कैलाश वैष्णव पहुंचा और उसने भी अनिल को हाथ पैर से मारना शुरू कर दिया। साथ ही उसने मालिक के पालतू कुत्ते को झगड़ा के समय लाकर छोड़ दिया ,जिससे कि कुत्ता हम लोगों पर झपट पड़ा और अनिल राजवाडे को काट लिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि कार खड़ी करने के मामले में पंचदीप ढाबा संचालक विपिन कुमार ने भी अपने साथ मारपीट की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों पक्षों के विरूद्ध मामला दर्ज कर जांच में लिया।

### सूर्य को प्रकृति का सहारा...



**बैकुण्ठपुर।** पेड़ हमारे लिए सूख जाने के बाद भी उपयोगी साबित होता है। ऐसा ही दृश्य जिले के पटना क्षेत्र में देखने को मिला, जहां सूखे पेड़ के टहनियों के बीच उगता सूर्य आया तो इस तस्वीर को कैमरे में कैद किया गया, जिसे देखकर ऐसा लगा मानो सूखा पेड़ की टहनी सूर्य को सहारा दे रहा है।

# समर कैम्प में विद्यार्थी दिखा रहे अपना कलात्मक हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ स्कूल व खेल विभाग की पहल

सूर्य की तेवर और बदलते मौसम के बीच जिले में ग्रीष्मकालीन अवकाश का सही उपयोग विद्यार्थिओं को दिलाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

स्कूल शिक्षा व खेल एवं युवा कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले के विभिन्न स्कूलों व खेल मैदानों में विभिन्न खेलों के साथ विद्यार्थियों के कलात्मक व मौलिक हुनर को निखारे की दिशा में कारगर साबित हो रहा है। महाजन स्टेडियम चरचा कॉलरी, कचनपुर में फुटबॉल, सरडी मैदान में बॉलीबॉल, इंडोर स्टेडियम बैकुंठपुर में बैडमिंटन, पटना में कब्बडी व कुड़ेली में खो-खो जैसे आधुनिक व परंपरागत खेलों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है, तो दूसरी ओर चित्रकारी, गायन, वादन, निबंध, कहानी लेखन, हस्तलिपि लेखन, नृत्य जैसे प्रशिक्षण देकर विद्यार्थियों को उनकी मौलिक प्रतिभाओं को निखारे का प्रयास किया जा रहा है। ग्रीष्मकालीन अवकाश में विद्यार्थिओं को पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खेल-कूद व उनकी अभिरूचि के अनुसार प्रशिक्षण देने से जहां इन नौनिहालों, युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति चेतना व सामाजिक सरोकार से जुड़ने का भी अवसर प्राप्त हो रहा है। जिले के शासकीय विद्यालयों व उक्त मैदानों में सुबह 7:30 बजे से सुबह 9:30 तक आयोजन किया जा रहा है। ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के अभिरूचियों, हुनर व विभिन्न कलाओं के प्रति ललक पैदा करना है, ताकि ग्रीष्मकालीन अवकाश का उपयोग सार्थक साबित हो सकें। प्रायः देखा जा रहा है कि टीव्ही, मोबाइल व कम्प्यूटर के ईर्द-गिर्द समाहित रहने वाले ऐसे विद्यार्थियों को खुली जगहों पर खेलकूद व रूचि के अनुसार प्रशिक्षण मिलने से कलाओं के प्रति जिज्ञासा पैदा होगी और अपने रचनात्मक कार्यो के प्रति जुड़ाव भी होगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिपं के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने जिले के विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में ऐसे खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग ले और अपनी ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग करें।





## कोरिया के सोरगा और चेरवापारा में तैयार हो रहा लीची का बागान

# बिक्री के लिए बाजार में आई लीची, बिक रही 200 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

गर्मी के दिनों में लीची का फल मिलता है, जिसे लोग चाव से खाते हैं। शहर में इन दिनों दीगर राज्यों से लीची जाकर व्यापारी ठेले में लेकर विक्रय कर रहे हैं। शुरूआत में लीची 200 रूपए प्रतिकिलों की दर से विक्रय की जा रही है। जानकारी के अनुसार शहर में पहुंचने वाला लीची को व्यापारी बिहार राज्य के मुजफ्फरपुर से आयात करते हैं। वहीं शहर में रांची झारखंड़ क्षेत्र से भी लीची की आवक होती है।

शहर में सीमित मात्रा में व्यापारियों के द्वारा लीची लाकर विक्रय की जा रही है। लीची के दाम अधिक होने के कारण कुछ खास लोग ही क्रय करते हैं। सीजन में मिलने वाला लीची का स्वाद कई लोग ले रहे हैं, क्योंकि सीजन बीतने के बाद लीची नहीं मिलेगी । यही कारण है कि लोग लीची की खरीदी कर स्वाद चख रहे हैं। कोरिया जिले में लीची के पैदावार के लिए मौसम अनुकूल है। ऐसे में कोरिया जिले में लीची के उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाए और बागान विकसीत किए जाए तो जिले में ही भरपूर मात्रा में लीची का उत्पादन हो सकेगा। स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर उत्पादन होने से लीची का कीमत भी कम रहेगा, जिससे कि बाहरी राज्यों से आवक की जरूरत नहीं पड़ेगी, इससे किसानों को अतिरिक्त आय भी प्राप्त हो सकेगी, इसके लिए सरकारी प्रयास से किसानों को लीची उत्पादन के लिए बढ़ावा देने की जरूरत है। हालांकि सरकारी प्रयास लीची उत्पादन के लिए हुए हैं, लेकिन यह प्रयास नाकाफी है। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा किसानों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है।



### सोरगा और चेरवापारा रोपणी में लीची के पेड़

उद्यान विभाग द्वारा कोरिया जिले के सोरगा व चेरवापारा रोपणी में लीची के बागान तैयार किए गए हैं। यही वो जगह है कि जहां लीची के बागान देखने को मिलेंगे। सोरगा रोपणी में करीब तीन दर्जन लीची के पेड़ हैं। इसी तरह जिले के कई क्षेत्रों में लीची के बागान विकसीत करने की जरूरत है,ताकि कोरिया जिला लीची उत्पादन में अग्रणी हो सके, क्योंकि जिले की जलवायु व मिट्टी लीची उत्पादन के लिए बेहतर हैं, ऐसे में जिले में लीची उत्पादन बढ़ाने की दिशा में ठोस प्रयास की जरूरत है।

# 3 लोगों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित

**अम्बिकापुर।** लोकसभा चुनाव के दौरान शस्त्र जमा नहीं करने के मामले में कलेक्टर ने कार्रवाई करते हुए तीन लोगों के शस्त्र लाइसेंस को निलंबित करने के साथ ही एक लाइसेंस को निरस्त कर दिया है।

आदर्श आचार संहिता के दौरान शस्त्रधारियों को आयुध अधिनियम 1959 की धारा 21 के तहत अपने आग्नेय शस्त्र सीमित समय के लिए नजदीकी थाने में जमा करने होते हैं। इस नियम का उल्लंघन करने वालों पर एसपी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोस्कर द्वारा निरंतर शस्त्र निलंबन अथवा निरस्त किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में नियमों का उल्लंघन करने वाले तीन लोगों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित और एक व्यक्ति का शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। एसपी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार सोनपुरकला निवासी राजेश कुमार वर्मा, देवीगंज रोड निवासी मयंक सिंह और सीतापुर निवासी रामजी प्रसाद द्वारा इस नियम का उल्लंघन कर निर्धारित समय में शस्त्र थाने में जमा नहीं कराया है। आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 उपधारा (3) में उल्लेखित प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से उक्त तीनों का लाइसेंस आगामी आदेश पर्यंत निलंबित किया गया है। इसी प्रकार मूलतः बलरामपुर पीपरसोत हाल मुकाम प्रतापपुर रोड निवासी धर्मवीर सिंह उर्फ छोटन सिंह के खिलाफ कई थानों में प्रकरण दर्ज होने के कारण एसपी द्वारा लाइसेंस निरस्तीकरण की अनुशंसा की गई थी। धर्मवीर सिंह द्वारा नोटिस का उत्तर नहीं देने पर शस्त्र अनुज्ञप्ति को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### मुख्य अभियंता ने किया कार्यों का निरीक्षण

**पत्थलगांव।** पीएमजीएसवाई ब्रिज के मुख्य अभियंता एस के शर्मा के द्वारा पत्थलगांव पीआईयू अंतर्गत पीएमजीएसवाई में स्वीकृत विभिन्न वृहद पुलो का निरीक्षण किया गया। इन कार्यों में लुडेग से सुरंगपानी आरडी 3150मीटर, कांसाबेल से सब्दमुंडा आरडी 9500 मीटर ,लुडेग से सुरंगपानी आरडी 18800मीटर ,पालीडीह से कटँगजोर आरडी 1900मीटर, किलकिला से केरकछार आरडी 2500 मीटर शामिल रहे। मुख्य अभियंता के द्वारा पीएमजीएसवाई विभाग के अधिकारियों के साथ ठेकेदारों को वृहद पुलो के सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके में गुणवत्ता पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए । कार्यों में गुणवत्ता में किसी तरह का कोई समझौता नहीं करने सख्त निर्देश दिए गए।

### एकलव्य आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा कल

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति रायपुर द्वारा संचालित जशपुर जिले में संचालित 05 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 6वीं में सीधे प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 18 मई 2024 शनिवार को प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिले में कुल 180 बालिकाओं एवं 120 बालकों हेतु सीटें निर्धारित है। आवंटित सीटों के लिए विभागीय वेबसाइट पर https://eklavya.cg.nic.in/Admit-Card-Login आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। जिले में कुल 2444 आवेदन प्राप्त हुए हैं। परीक्षार्थियों के लिए कुल 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें जशपुर विकासखण्ड में शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर सहित अनेक विद्यालय को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

#### पद्मश्री से सम्मानित होने पर दी बधाई व शुभकामनाएं

# कलेक्टर व सीईओ ने पद्मश्री जागेश्वर का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- बिरहोर भाई के नाम से चर्चित जागेश्वर अब पद्मश्री के नाम से जाने जाएंगे


पद्मश्री जागेश्वर का स्वागत करते कलेक्टर।

जशपुर जिला उन जिलों में से एक है जो अपनी कई उपलब्धियों, सांस्कृतिक, परम्परा और प्राकृतिक सौंदर्य सहित अन्य वजहों से जाने जाते हैं। वहीं यहां के लोग हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा चुके हैं और यह सिलसिला अनवरत जारी है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए जिले के ग्राम भीतघरा निवासी समाज सेवक जागेश्वर यादव बिरहोर के भाई के नाम से चर्चित हैं।

अब वे पद्मश्री जागेश्वर यादव के नाम से भी जाने जाएगें। विगत दिनों राष्ट्रपति भवन, दिल्ली में आयोजित पद्म पुरस्कार समारोह में जिले के समाज सेवक जागेश्वर यादव को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान हेतु बेहतर कार्य के लिए पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया। पद्मश्री से सम्मानित किए जाने पर मुख्यमंत्री सहित अन्य लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वही जब वे पद्मश्री अवॉर्ड लेकर जैसे ही जशपुर और अपने गृह ग्राम पहुंचे तो उनके यहां बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। आज कलेक्ट्रेट कार्यालय जशपुर पहुंचकर पद्मश्री जागेश्वर यादव ने कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार भी मौजूद रहे। कलेक्टर डॉ. मित्तल और जिला पंचायत सीईओ ने पुष्पगुच्छ भेंटकर जागेश्वर यादव का अभिनंदन किया। दोनों ने उन्हें अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि जागेश्वर यादव के प्रयासों से न केवल बिरहोर परिवार शिक्षा से जुड़े हैं बल्कि उन्हें सभी मूलभूत सुविधाएं मिल रही हैं। पद्मश्री जागेश्वर बिरहोर आदिवासियों के उत्थान हेतु बेहतर कार्य किए हैं और उनका निःस्वार्थ सेवाभाव सबके लिए प्रेरणादायक और अनुकरणीय है। वे शासन-प्रशासन का सहयोग भी करते आ रहे हैं। जागेश्वर यादव को पद्मश्री पुरस्कार मिलना न सिर्फ जिले और प्रदेश के लिए बल्कि देश के लिए गौरवपूर्ण क्षण है। पद्मश्री जागेश्वर यादव ने बताया कि इस पुरस्कार को प्राप्त करते वक्त उन्हें एक विशेष अनुभूति महसूस हुई। पुरस्कार प्रदान करते वक्त राष्ट्रपति ने उन्हें बधाई देते हुए उनके इस योगदान के लिए उनकी सराहना भी की। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उन्हें बधाई दी और उनकी पीठ थपथपाई। जागेश्वर यादव को यह पुरस्कार मिलने पर ग्राम भीतघरा सहित जशपुर जिले भर के निवासियों व समाजसेवियों में खुशी की लहर है और उन्हें बधाई देने का सिलसिला जारी है।

# आत्मानंद स्कूल में लाटरी के माध्यम से 52 विद्यार्थी चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



लाटरी ड्रा करते शिक्षक।

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जशपुर नगर में 15 मई को कक्षा पहली से कक्षा 8वीं में प्रवेश हेतु लाटरी ड्रा किया गया। जिसमें 53 सीट हेतु आवेदन मंगाए थे। जिसमें कक्षा 1 ली हेतु 43 सीट के लिए 92 आवेदन, कक्षा 3 री हेतु 2 सीट के 12 आवेदन कक्षा 4 थी हेतु 1 सीट हेतु 8 आवेदन कक्षा 5 वीं हेतु 2 सीट के लिए 13 आवेदन, कक्षा 7 वीं हेतु 3 सीट के लिए 28 आवेदन एवम कक्षा 8 वीं हेतु 1 सीट के लिए 11 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसका लाटरी ड्रा के माध्यम से दिनांक 15 मई को चयन किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से सहायक संचालक श्रीमती सरोज खलखो, विद्यालय के वरिष्ट व्याख्याता भैरब भौमिक, प्रधान पाठक श्रीमती स्मृति कुजूर, प्रवेश प्रभारी सुरेश कुमार तांडी एवम विद्यालय के शिक्षक समीर टोप्पो, जसिंता मिंज, श्रीमती कोलेता तिग्गा एवम श्रीमती संगीता यादव उपस्थित थे। इस लाटरी ड्रा में जिन्होंने प्रवेश हेतु आवेदन किये थे वे सभी पालक उपस्थित थे। प्रवेश हेतु सभी पालकों में उत्साह देखा गया और लाटरी ड्रा में अपने पाल्य के नाम आने से पालक बहुत ही उत्साहित दिखे। चयनित अभ्यर्थियों की सूची स्कूल के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है। प्रवेश प्रभारी ने बताया चयनित विद्यार्थियों का प्रवेश 17 मई 2024 को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक होगा।

# ट्रैफिक अव्यवस्था सुधारने पुलिस अधीक्षक ने ली नागरिकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव


बैठक में पुलिस के अधिकारी।

एसपी ने नगर की अव्यवस्थित ट्रैफिक को सुधारने समाज प्रमुखों,व्_यापारियों, नागरिकों व पत्रकारों की बैठक ली। बैठक में सड़कों को बाधित करने वाले समस्त होडिंग एवं दुकान से बाहर सड़कों पर फैले सामान जो सड़को के लिए अवरोध बन रहा है।


उन्हें रविवार से हटाने के लिए सहमति बनी। सड़क यातायात के लिए ब्यापरियो द्वारा अपने दुकान के विज्ञापन करने बनाये गए बेरिकेड्स को पुलिस थाने लाकर रखा जाएगा पुलिस को यातायात को लेकर जहां जरूरत महसूस होगी वहां पर पुलिस सुरक्षा और यातायात की सुगमता के लिए बेरिकेड्स लगाएगी खुद के द्वारा अपबी दुकानों के सामने लगाने वाले बेरिकेड्स को लगाने की अनुमति नही है।

पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने कहा कि मैं पत्थलगांव शहर की बेहतर यातायात ब्यवस्था को बनाने के लिए लगातार बैठक करता आया हूं।

आपके शहर की यातायात की सुगमता हमारे लिए बेहद जरूरी है। आप सभी इसमें सहयोग प्रदान करे आप शहर वासी जिम्मेदार बनेंगे तो आपके शहर की यातायात बेहतर हो सकेंगी हमारे लगातार सुझाये गए यातायात नियमो को नही मानने पर पुलिस अपनी कड़ी कार्यवाही शुरू करेगा और बेहद जरूरी बात 18 वर्ष से नीचे के युवाओं को बाइक स्कूटी चलाने न दे अगर बच्चे बाइक चलाते पाए जाते है तो उनके पेरेंट्स के ऊपर कारवाही की जाएगी जिसके लिए वे पेरेंट्स स्वयं जिम्मेदार होंगे। एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी ने बताया कि रविवार से होर्डिंग और बोर्ड हटाना शुरू किया जाएगा नगरपंचायत के द्वारा कल से मुनादी की जाएगी बसों को बस स्टैंड में छूटने से 30 मिनट पहले ही बस स्टैंड में लाने की अनुमति होगी तब तक स्थानीय प्रशासन के द्वारा बनाये गए स्टैंड में बस खड़ी रहेगी जशपूर रोड में आने वाले छोटे चार पहिया वाहनों को पुराने अस्पताल के खाली जगह में खड़ा करने की ब्यवस्था रहेगी लोग बाग दुकान के सामने सड़क तक चार पहिया वाहन खड़ा कर दुकानदारी न करे।

### नाबालिग युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नारायणपुर।** कुदमुरा के ग्राम नांदोटोली में एक नाबालिग युवती ने पेड़ में फांसी लगा अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का सामने आ रहा है। परिजनों की सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना में जुट गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नारायणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुदमुरा के नांदोटोली में गत रात्रि एक नाबालिक पेड़ में फांसी लगा आत्महत्या कर ली है,बताया जा रहा उक्त घटना मृतक के घर से 100 मीटर की दूरी पर स्थित आम के पेड़ में घटित हुआ है। जहां बीती रात्रि 10 बजे नाबालिक अपनी चारों बहनों के साथ खाना खाकर सोने गई। इसी दौरान मध्य रात्रि बाथरूम जाने की बात कह वह कमरे से बाहर निकली लेकिन उसके बाद वह वापस नहीं आई।








16- MAY-Jash-CORIYA-RGH-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/16/2024 8:02 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## लंगूरों ने पहले वीकएंड पर ही पीट लिए हजार करोड़ से ऊपर



डिज्नी और ट्वेंटिएथ सेंचुरी की नवीनतम फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' ने गर्मियों की छुट्टियां गुलजार कर दी हैं। फिल्म ने रिलीज के पहले सप्ताहांत में करीब 1078 करोड़ रुपये की कमाई करके डिज्नी की बांछें खिला दी हैं। कंपनी का बीता साल मार्वल की फिल्मों के चक्कर में काफी ठंडा बीता था, लेकिन अब लंगूरों की इस 58 साल पुरानी फ्रेंचाइजी के नए रीबूट ने आने वाले दिनों के आसार अच्छे कर दिए हैं।

फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' ने रिलीज के पहले सप्ताहांत में अमेरिका के घरेलू बॉक्स ऑफिस से बेहतर कारोबार दुनिया के दूसरे देशों में किया है। फिल्म ने अमेरिका में करीब 5.65 करोड़ डॉलर यानी कि करीब 472 करोड़ रुपये की कमाई की है लेकिन फिल्म का ओवरसीज कलेक्शन इससे कहीं ज्यादा शानदार रहा। फिल्म ने अमेरिका के अलावा दूसरे देशों में करीब 606 करोड़ रुपये की कमाई की है। विदेश में फिल्म की सबसे ज्यादा कमाई चीन में रही, जहां इसने 1.14 करोड़ डॉलर यानी करीब 96 करोड़ रुपये पहले वीकएंड में कमाए हैं।

करीब 16 करोड़ डॉलर यानी कि करीब 1336 करोड़ रुपये में बनी फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' उत्तरी अमेरिका के घरेलू बॉक्स ऑफिस पर बीते सप्ताहांत की नंबर वन फिल्म रही है। फिल्म ने भारत में भी अच्छा कारोबार किया है लेकिन ये दूसरे देशों के मुकाबले फिर भी काफी कम है। इसकी मुख्य वजह फिल्म के प्रचार को लेकर बनी रणनीति बताई जा रही है। फिल्म के हिंदी संस्करण को लोगों का काफी प्यार मिल रहा है लेकिन सिनेमाघरों तक पहुंचने वाले अधिकतर दर्शकों को पता ही नहीं है कि ये फिल्म भारत में हिंदी में भी रिलीज हुई है।

फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' की कुल कमाई का करीब 41 फीसदी हिस्सा इसके आईमैक्स संस्करण से आया बताया जा रहा है। सिनेमाघरों में आने वाले दर्शकों में भव्य और विशाल फिल्मों को लेकर बढ़ती ललक का फायदा फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' को मिला है ।

### टॉलीवुड

## ममूटी की फिल्म 'टर्बो' का ट्रेलर हुआ जारी, जबर्दस्त एक्शन ड्रामा देख फैंस



इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित मलयालम फिल्मों में से एक ममूटी की आगामी फिल्म 'टर्बो' रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया है। एक्शन से भरपूर ट्रेलर में ममूटी को लोकप्रिय कन्नड़ अभिनेता राज बी शेट्टी के साथ भिड़ते हुए दिखाया गया है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने के साथ ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल भी हो रहा है। यह फिल्म 23 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। साल 2022 की 'भीष्म पर्व' के बाद यह ममूटी की पहलीबड़ी मनोरंजन फिल्म है। 'टर्बो' एक एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसमें कई चौंका देने वाले एक्शन सीन्स हैं। 12 मई को ममूटी ने ट्रेलर का यूट्यूब लिंक सोशल मीडिया पर शेयर किया था। ट्रेलर में जोस (ममूटी) का परिचय दिया गया है, जिसे सभी लोग प्यार से टर्बो जोस कहते हैं। वह एक शक्तिशाली व्यक्ति (राज बी शेट्टी) से भिड़ते नजर आता है। ट्रेलर में दोनों के बीच दुश्मनी की वजह का खुलासा नहीं किया गया है। पुलिमुरुगन के निर्देशक वैशाख ने टर्बो के लिए एक बार फिर ममूटी के साथ मिलकर काम किया है। पटकथा अंजाम पथिरा और अब्राहम ओजलर निर्देशक मिधुन मैनुएल थॉमस द्वारा लिखी गई है। 'टर्बो' में कन्नड़ अभिनेता राज बी शेट्टी, तेलुगु अभिनेता सुनील और अंजना जयप्रकाश, कबीर दुहान सिंह, सिद्दीकी, शबरीश वर्मा और दिलेश पोथान भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

ममूटी को आखिरी बार इसी साल मलयालम फिल्म 'ब्रह्मयुगम' मुख्य भूमिका में देखा गया था। मेगास्टार की मुख्य भूमिका वाली इस हॉरर फिल्म का निर्देशन राहुल सदासिवन ने किया है और इसमें अभिनेता सिद्धार्थ भारतन और अर्जुन अशोकन भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आए। अभिनेता ने पिछले कुछ वर्षों में बैक-टू-बैक हिट फिल्मों के साथ शानदार प्रदर्शन किया है।

### छॉलीवुड

## गुजरात में बन रही हॉरर कमेडी फिल्म 'होलिका दहन' में छत्तीसगढ़िया कलाकार



**रायपुर।** गुजरात में आणंद के करमसर में इन दिनों भोजपूरी फिल्म 'होलिका दहन' की शूटिंग जोरों पर चल रही है। इसके निर्माता मनौव्वर अंसारी,वंदना तिवारी, सुभाष गुप्ता एवं श्रवण जैसवार है। इसे डायरेक्ट कर रहे हैं भोजपूरी सिनेमा के लेखक साजिद मलिक। इस फिल्म में गौरव झा, काजल यादव के साथ ही बालेश्वर सिंह, प्रकाश जैस, शमशीर सिवानी व विद्या सिंह जैसे कलाकारों ने अभिनय किया है। फिल्म के निर्माता मनौव्वर अंसारी एवं निर्देशक साजिद मलिक का कहना है कि कि भोजपूरी सिने जगत के लिए ये एक अलग तरह की फिल्म दर्शकों के लिए साबित होगी क्योंकि यह एक फूल हॉरर, सस्पेंस एवं जबर्दस्त कमेडी फिल्म है। उन्होंने बताया कि इस फिल्म में छत्तीसढी और भोजपूरी फिल्मो के जर्बदस्त अभिनेता ललित उपाध्याय, शमशीर सिवानी, प्रदीप शर्मा एवं पुष्पेन्द्र सिंह के साथ ही हिन्दी एवं भोजपूरी फिल्मों के जाने माने एक्टर दीपक सिन्हा, तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम पवन मिश्रा, प्रशांत कुडिया, चंचलेश सिंह, सुधा यादव, रंगीता सिंह के अलावा भोजपुरी फिल्मों के अन्य कई प्रसिद्ध कलाकार अपनी महती भूमिका का निर्वहन कर रहे है। निर्माता मनौव्वर अंसारी ने बताया कि यह फिल्म तीन हिस्सों में बनेगी। पहला भाग 'होलिका दहन' है, जिसकी शूटिंग मुहुर्त के साथ गत 30 अप्रेल से शुरू हुई।

## 13 हजार घंटे में तैयार हुआ गिगी का लिबास

मशहूर अभिनेत्री और गिगी हदीद 3डी पीले गुलाबों के साथ एक कस्टम-निर्मित ब्राउन पीस के साथ नजर आईं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, उनके इस खास पहनावे को सावधानीपूर्वक तैयार करने में 13,500 घंटे से अधिक का समय लगा। गिगी हदीद इस शो का खास अट्रैक्शन रही।



लाइफ स्टाइल

## टैनिंग के कारण काली पड़ी गर्दन को साफ करने का घरेलू उपाय जानें, पहली ही बार में दिखेगा असर

अक्सर हमारी गर्दन बाहर मौजूद टैनिंग के कारण काली पड़ जाती है। इसलिए आज हम आपको बताने वाले हैं एक ऐसा घरेलू नुस्खा जिसकी मदद से आप आसानी से काली पड़ी गर्दन को दाफ कर पाएंगी और त्वचा की देखभाल कर पाएंगी। काली गर्दन को साफ करने ओटमील,बेसन और गुलाब जल इस्तेमाल करें।

### काली गर्दन पर ओटमील लगाने के फायदे

ओटमील में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण स्किन को डीप क्लीन करने में मदद करता है। साथ ही यह स्किन से टैनिंग रिमूव करने में बेहद असरदार साबित होता है।

### गुलाब जल को काली गर्दन पर लगाने के फायदे

गुलाब जल एक नेचुरल टोनर का काम करता है। यह त्वचा के कालेपन को दूर करने में मदद करता है।



### बेसन को काली गर्दन पर लगाने के फायदे

बेसन में मौजूद प्रॉपर्टी त्वचा के ऊपर जमी टैनिंग को कम करने में मदद करता है। त्वचा में होने वाले किसी भी तरह के स्किन इन्फेक्शन को होने से रोकने के लिए बेसन बेहद मददगार होता है।

### काली गर्दन को साफ करने के लिए क्या करें?

काली गर्दन को साफ करने के लिए सबसे पहले एक बाउल में लगभग 2 से 3 चम्मच ओटमील डालें। इसमें 2 चम्मच बेसन और 3 से 4 चम्मच गुलाब जल की डालें। इन सभी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें। मिक्स करने के बाद इसे आप गर्दन की काली पड़ी त्वचा पर लगा लीजिये। आप चाहे तो गर्दन पर 2 से 3 मिनट तक मसाज भी कर सकती हैं। करीब 30 मिनट तक लगा रहने दें और फिर पानी और कॉटन की मदद से साफ कर लें। साफ करने के बाद आपको पहली ही बार में फर्क नजर आने लग जाएगा। इस घरेलू नुस्खे का इस्तेमाल आप हफ्ते में 3 बार तक कर सकती हैं।

## ब्लाउज को आकर्षक लुक देने के लिए शोल्डर पर बनवाए जा सकते हैं खास डिजाइंस




अपने लुक को खास बनाने के लिए हम क्या-कुछ नहीं करते हैं और इसके लिए आपको ऑनलाइन भी कई डिजाइन आसानी से मिल जाएंगी। वहीं साड़ी का चलन हमेशा फैशन ट्रेंड में रहता है और साड़ी को आकर्षक लुक देने के लिए ब्लाउज का डिजाइन चुनना बेहद जरूरी होता है।

हालांकि ब्लाउज के आपको कई तरीके के डिजाइन और पैटर्न मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप अपने लुक को स्टेटमेंट देना चाहती हैं तो शोल्डर पर भी अपनी पसंद का डिजाइन बनवा सकती हैं। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं ब्लाउज के शोल्डर के लिए कुछ आकर्षक और लेटेस्ट डिजाइंस, जिन्हें आप आसानी से स्टाइल कर अपने लुक को खास बना सकती हैं।



### शोल्डर फ्रिल डिजाइन ब्लाउज

आजकल फ्रिल का चलन फैशन ट्रेंड में काफी नजर आ रहा है। वहीं इसके कई डिजाइन भी आपको आसानी से देखने को मिल जाएंगे। बता दें कि आप एक से ज्यादा लेयर की मदद लेकर भी हैवी लुक वाला फ्रिल डिजाइन अपने कंधे पर बनवा सकती हैं।

### पतली बाजू के लिए

अगर आपकी बाजू पतली है और आप इन्हें आकर्षक और बल्की लुक देना चाहती हैं तो इस तरह का डिजाइन आप स्लीव्स और शोल्डर के लिए चुन सकती हैं। इसमें आपको बैलून से लेकर और भी कई डिजाइन आसानी से देखने को मिल जाएंगे।

### चैन स्टाइल ब्लाउज शोल्डर डिजाइन

अगर आपका ब्लाउज स्लीवलेस है या आप किसी पुराने ब्लाउज को ही कस्टमाइज करने का सोच रही हैं तो शोल्डर को स्टेटमेंट लुक देने के लिए इस तरह से मल्टी-लेयर चैन लगा सकती हैं। इसमें आपको बीड्स से लेकर पर्ल्स में कई डिजाइन आसानी से मिल जाएंगे।

### कट वर्क डिजाइन ब्लाउज

इस तरह का डिजाइन एवरग्रीन चलन में रहता है। वहीं अगर आप सेमी फुल स्लीव्स पहनना पसंद करती हैं तो स्लीव्स पर बना ये डिजाइन आपके लिए बेस्ट रहेगा। इसके अलावा प्लस साइज के लिए भी इस तरह का डिजाइन बेस्ट रहता है। इस डिजाइन को बनवाने के लिए आप शिफॉन के फैब्रिक का ब्लाउज बनवा सकती हैं।

## बिना मेकअप केवल लिपस्टिक के इन शेड्स को लगाने से मिलेगा आकर्षक लुक

लिपस्टिक के शेड को चुनने से पहले आपको अपनी स्किन टोन को समझना बेहद जरूरी होता है ताकि चुना गया लिप कलर आपके चेहरे कि रोनक को बढ़ाने में मदद करें।

रोजाना से लेकर किसी पार्टी में जाने तक के लिए हम मेकअप करना पसंद करते हैं और इसके लिए मार्केट में अनेक वैरायटी के प्रोडक्ट्स भी आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन इन ज्यादातर आज भी रोजाना के लिए केवल लिपस्टिक लगाना ही पसंद करते हैं। इसके लिए हम आए दिन नए से नए कलर्स लिपस्टिक भी खरीदते हैं। कई बार हम अपने लिए सही शेड के लिप कलर को चुनते समय कंफ्यूज हो जाते हैं और जल्दबाजी में तैयार होते समय जो पहला शेड मिला उसे लगा लेते हैं। ऐसे में कई बार लिपस्टिक का कलर हम पर सूट नहीं करता है और लुक खराब नजर आने लगता है। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं लिपस्टिक के कुछ ऐसे कलर्स जिन्हें आप बिना मेकअप करें लगा सकती हैं और अपने चेहरे की रोनक बढ़ा सकती हैं।



### डीप रेड लिप कलर


अगर आप बोल्ड कलर की लिपस्टिक लगाना पसंद करती हैं तो इस तरह के डीप रेड कलर को चुन सकती हैं। यह कलर खासकर नाइट लुक में बेहद खूबसूरत नजर आता है। बता दें कि यह कलर लगभग हर इंडियन स्किन टोन पर खूबसूरत नजर आता है। इसके अलावा अगर आपके होंठ छोटे हैं तो यह कलर लिप्स को पाउटी बनाने में मदद करेगा। अगर आप रोजाना से अलग कुछ ट्राई करना चाहती हैं तो ब्राउन फैमिली के इस कलर यानि जिंजरब्रेड कलर की लिपस्टिक को होंठों पर लगा सकती हैं।

## गोल्ड ज्वेलरी की सफाई करते वक्त इन बातों का रखें ध्यान

गोल्ड ज्वेलरी का सही तरीके से सफाई ना किया जाएं तो उनकी चमक निलक जाती हैं। आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आप अपने गोल्ड ज्वेलरी की सफाई कर सकती हैं।हर भारतीय महिला गोल्ड ज्वेलरी पहनती है। गोल्ड ज्वेलरी पहनने पर तो काफी ज्यादा खूबसूरत लगते है लेकिन लंबे समय तक पहनने पर यह गंदे हो जाते हैं। ऐसे में अगर गोल्ड ज्वेलरी की सही तरीके से सफाई ना कि जाएं तो यह खराब होने लगते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आप अपने गोल्ड ज्वेलरी की सफाई कर सकती हैं।

**हार्श केमिकल का ना करें इस्तेमाल :** अगर आप ज्यादा केमिकल वाले साबुन का इस्तेमाल अपने ज्वेलरी को साफ करने के लिए करती हैं तो यह खराब हो सकता है। हार्श केमिकल यानी ब्लीच जैसी चीजों का इस्तेमाल गोल्ड ज्वेलरी की सफाई के दौरान नहीं करना चाहिए।

**ज्वेलरी साफ करते समय किन बातों का रखें ध्यान:** सोना कई तरीके का होता है। ऐसे में अगर आप अपने गोल्ड ज्वेलरी की सफाई कर रहे हैं तो पैच टेस्ट करके जरूर देखें। जिस भी चीज का इस्तेमाल सफाई के दौरान कर रहे हैं उससे पैच टेस्ट करें। वरना गोल्ड ज्वेलरी का रंग केमिकल के कारण खराब भी हो सकता है।



**ज्वेलरी के लिए सही ब्रश का करें इस्तेमाल:** अगर आप हार्ड ब्रश का इस्तेमाल ज्वेलरी की सफाई के लिए करती हैं तो आपकी ज्वेलरी खराब भी हो सकती हैं। ऐसे में कोशिश करें की ब्रश साफ्ट लें ताकि ज्वेलरी को किसी भी तरीके का नुकसान ना पहुंचे। गहनों को साफ करने के लिए जौहरी क्या उपयोग करते हैं गर्म पानी से आपकी गोल्ड की ज्वेलरी खराब हो सकती हैं। गहनों को साफ करने के लिए जौहरी ठंडे पानी का ही इस्तेमाल करते हैं।

कार्नर न्यूज

## स्किन बैरियर को ठीक रखने नेचुरल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल जरूरी

# फेस वॉश या स्क्रब की तरह इस्तेमाल किए जा सकते हैं किचन इंग्रीडिएंट्स

जब भी बात फेस वॉश की होती है, तो हमेशा हम ऐसा प्रोडक्ट चुनने की कोशिश करते हैं जिससे स्किन ब्राइट और लाइट हो। इसे गलती नहीं मानेंगे क्योंकि अधिकतर ब्यूटी प्रोडक्ट्स को इसी तरह से एडवर्टाइज किया जाता है। पर केमिकल फेस वॉश के कारण स्किन बैरियर भी खराब होने लगता है। स्किन बैरियर को ठीक रखने के लिए नेचुरल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना जरूरी होता है। स्किन पर नेचुरल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने से काफी हद तक आप स्किन प्रॉब्लम्स से दूर रह सकती हैं। अगर बात किचन इंग्रीडिएंट्स की करें, तो ऐसी कई चीजें हैं जो ना सिर्फ फेस वॉश, बल्कि फेस स्क्रब का काम भी कर सकती हैं।



ब्यूटी और हेयर एक्सपर्ट शहनाज हुसैन कहती हैं कि नॉर्मली हम लोग फेसवॉश का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन चेहरे की क्लींजिंग करने के और तरीके हो सकते हैं। आपको चेहरे पर हार्ड केमिकल्स और साबुन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। शहनाज हुसैन के मुताबिक, आपको क्लींजिंग जेल या नेचुरल इंग्रीडिएंट्स से चेहरा साफ करना चाहिए। उनके मुताबिक, दूध, तिल का तेल, गुलाब जल जैसे कई इंग्रीडिएंट्स अच्छे फेस क्लींजर्स हो सकते हैं।

**स्किन एक्सफोलिएशन और क्लीनिंग के लिए इस्तेमाल करें टमाटर:** विटामिन-सी बहुत ही अच्छा ऑप्शन हो सकता है आपकी स्किन को ठीक करने के लिए। अगर आप उन लोगों में से हैं जिन्हें डेड स्किन की समस्या होती है, तो विटामिन-सी और विटामिन-ए से भरपूर टमाटर आपकी स्किन के लिए अच्छा होगा।

आप इसे आधा काटकर अपनी स्किन पर रब कर सकती हैं या फिर टमाटर के जूस के साथ बेसन मिक्स कर आप उसे लगा सकती हैं।

**फेस क्लीनिंग के लिए काम आएगा तिल का तेल:** अगर आपकी स्किन काफी ड्राई है और आपको स्किन से जुड़ी कई समस्याएं हो रही हैं, तो आप तिल का तेल इस्तेमाल कर सकती हैं। तिल का तेल मसाज के लिए अच्छा होगा। आप उसके साथ 1 चम्मच ओट्स पाउडर मिलाकर स्क्रब भी बना सकती हैं। इसे हल्के हाथों से चेहरे पर लगाएं और स्किन को नेचुरली एक्सफोलिएट करें।

**दूध से करें चेहरे की क्लीनिंग और एक्सफोलिएशन :** अगर आप उन लोगों में से हैं जिन्हें दूध सूट करता है और उसकी स्मेल से दिक्कत नहीं होती, तो कच्चा दूध स्किन पर लगाकर चेहरा साफ किया जा सकता है। इसके अलावा, आप कच्चे दूध के साथ एक छोटा चम्मच शहद बनाकर स्किन पर 2 मिनट के लिए मसाज कर सकती हैं और उसके बाद आप चेहरा सादे पानी से धो सकती हैं।



16- MAY- CORIYA -BHOOMI-PG-4_Layout 1 5/16/2024 8:52 PM Page 1



## मास्टर प्लान के निर्देशों की हो रही खुली अवहेलना

# शहर में अतिक्रमण की बाढ़, बेखौफ होकर लोग शासकीय भू-खण्डों पर बना रहे मकान



नोटिस के पूर्व की स्थिति।



नोटिस के बाद की स्थिति।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में शासकीय भूमि पर कब्जा जमाने के मामलों की बाढ़ आ गई है तथा अवैध अतिक्रमण को लेकर अराजक स्थिति निर्मित हो गई है। ननि अमला अतिक्रमण रोकने के नाम पर सिर्फ नोटिस देने तक सिमट गया है। इसके पूर्व शहर में कभी ऐसी स्थिति नहीं बनी थी। पिछले 6 महीनों से संभाग मुख्यालय में अवैध अतिक्रमण की बाढ़ आ गई है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं दबंगों की शह पर लोग रातोंरात शासकीय भूखण्डों पर अवैध निर्माण कर हथिया रहे हैं। अतिक्रमणकारी लोगों के दरवाजे के सामने की जमीन एवं सड़क तक को कब्जा कर घर बना ले रहे हैं। बेखौफ चल रहे अतिक्रमण की लगातार शिकायतें भी हो रही हैं लेकिन ननि प्रशासन अतिक्रमणकारियों को बार-बार नोटिस थमाकर अपनी जिम्मेदारियों को पूरा कर ले रहा है। अवैध अतिक्रमण एवं शहर विकास के लिए निर्धारित मापदण्डों का पालन कराने में ननि अपनी प्रासंगिता खोते जा रहा है। अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हो गए है कि अतिक्रमण हटाने की कोशिश करने पर अतिक्रमणकारी ननि अमले की पिटाई भी कर रहे हैं। अतिक्रमणकारी ननि की सड़क एवं गलियों तक को नहीं छोड़ रहे हैं। ऐसा भी नहीं है कि क्षेत्रवासी ननि को अतिक्रमण की शिकायत नहीं करते। शिकायतों पर कार्रवाई करने के बजाय ननि अमला अतिक्रमण कारियों को शिकायतकर्ताओं का नाम तक बता देता है तथा नोटिस थमाकर वापस लौट आता है। ननि की बैठकों में अवैध अतिक्रमण को लेकर हंगामा मचाने वाले जनप्रतिनिधि भी अब ऐसे मामलों को लेकर शांत हो गए हैं। शासकीय भूखण्डों पर धड़ल्ले से हो रहे अवैध अतिक्रमण के कारण प्रशासन को आबां भवन, पीडीएस दुकान सहित अन्य शासकीय निर्माण के लिए जगह नहीं मिल रही है न ही शहर विकास के लिए निर्धारित सुरक्षा मानकों का ही पालन हो रहा है जो भविष्य में शहर के लिए काफी घातक साबित हो सकता है।

**खास बात**

- ननि की भवन शाखा हुआ अप्रासंगिक, नोटिस देकर की जा रही खानापूर्ति

### नोटिस के बाद हो रही ढलाई

अतिक्रमणकारियों पर ननि की नोटिस का प्रभाव नहीं पड़ रहा है। ननि की नोटिस का जवाब देना तो दूर अतिक्रमणकारी नोटिस मिलने के बाद रातोंरात भवन की ढलाई कर दे रहे हैं। रेडियों स्टेशन के पास ननि की नोटिस पर मुख्य मार्ग के किनारे बेशकीमती शासकीय भूमि पर दीवार खड़ी करने के बाद अतिक्रमणकारी ने रातोंरात छत की ढलाई करा दी। बलरामपारा स्थित ननि की सड़क पर अवैध निर्माण की शिकायत के बाद ननि द्वारा नोटिस जारी करने पर अतिक्रमणकारी ने शेड तैयार कर लिया। अवैध अतिक्रमण से आग लगने की स्थिति में फायर बिग्रेड का पहुंचना तो दूर सायकिल, रिक्शा पहुंचने तक की जगह नहीं बची है।

### भविष्य के लिए घातक

अवैध अतिक्रमण बढ़ने के पीछे हम जनप्रतिनिधियों का भी बड़ा दोष है। अपने आदमी के चक्कर में हम उसके पक्ष में खड़े होकर कार्रवाई को रोक देते हैं। इस प्रवृत्ति को बदलने की जरूरत है। अवैध अतिक्रमण भविष्य के लिए काफी घातक है। ऐसे मामलों में नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए।

डॉ.अजय तिर्की
महापौर, ननि

खबर संक्षेप

### शशि तिवारी को झारखंड के गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र की मिली जिम्मेदारी



**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में लोकसभा चुनाव संपन्न होते ही प्रदेश के भाजपा नेताओं को झारखंड प्रदेश के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार की जवाबदारी सौंपी गई है। झारखंड प्रदेश के लोकसभा चुनाव में जिले के भाजपा नेता शशि तिवारी को गिरीडीह लोकसभा क्षेत्र के गोमिया विधानसभा क्षेत्र की जवाबदारी सौपी गई है। श्री तिवारी विधानसभा क्षेत्र में प्रचार अभियान की कमान संभाल रहे हैं। भाजपा पदाधिकारियों को झारखंड के अलग अलग लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार अभियान को तेज करने की जवाबदारी है। झारखंड में अबतक लोकसभा चुनाव में मात्र एक चरण के ही मतदान संपन्न हुए हैं। श्री तिवारी ने बताया कि प्रदेश मे लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुके है इसलिए प्रदेश के नेताओं को पड़ोसी राज्य झारखंड में लोकसभा चुनाव अभियान को तेज करने की जवाबदारी दी गई है।

### पार्षद एवं समाजसेवी जायसवाल ने जरूरतमंदों के लिए की भोजन व्यवस्था



**प्रतापपुर।** नगर पंचायत पार्षद एवं समाजसेवी अरविंद जायसवाल ने आज वार्ड क्रमांक 1 में गरीब एवं जरूरतमंदों के लिए भोजन व्यवस्था की। अरविंद जायसवाल द्वारा जरूरतमंद लोगों को भोजन के साथ में निःशुल्क मेमोरियल हॉस्पिटल के माध्यम से दवा एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी, अंबिका जायसवाल, प्रफुल्ल गुप्ता, मुकेश, काजू कश्यप, आकाश मित्तल, आनंद शुक्ला, विकास गर्ग सहित अन्य उपस्थित थे।

### रिश्तेदार बताकर अज्ञात व्यक्ति ने महिला के परिचित व रिश्तेदार से की ठगी

**अम्बिकापुर।** महिला के मोबाइल नम्बर को अज्ञात व्यक्ति ने न सिर्फ हैक किया बल्कि उसके रिश्तेदार व परिचित से धोखा धड़ी कर कुल 1 लाख 25 हजार रुपए ठग लिया। पीड़ित की बहन ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार संगम चौक विजय मार्ग निवासी दिक्षा अग्रवाल ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसकी बड़ी बहन श्रीमती प्रज्ञा अग्रवाल के मोबाइल नम्बर को अज्ञात व्यक्ति ने हैक कर लिया। साथ ही विभिन्न मोबाइल नगर से प्रज्ञा अग्रवाल का पहचान बताकर कर उसके रिश्तेदार व परिचित से कुल 1 लाख 25 हजार रुपए ठग लिया। साथ ही व्हाटसअप के माध्यम से पैसे मांगने की प्रक्रिया चल रही है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### नाबालिग छात्रा को भगाकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर।** नाबालिग छात्रा का अपहरण कर उससे दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार करने के साथ ही छात्रा को परिजन के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कक्षा 9वीं में पढ़ने वाली छात्रा 25 मार्च को होली के दिन घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। ऐसे में परिजन द्वारा छात्रा के गुमशुदगी की शिकायत पुलिस से की गई थी। एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी शैलेंद्र पांडेय एसडीओपी कुसमी एमानुएल लकड़ा के नेतृत्व में पुलिस टीम नाबालिग छात्रा की तलाश कर रही थी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नाबालिग छात्रा को अंबिकापुर के गांधीनगर में देखा गया है। ऐसे में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर नाबालिग छात्रा को बरामद करने के साथ ही युवक को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई कि शंकरगढ़ सरीमा निवासी 18 वर्षीय रोहित यादव आ. शिवनारायण यादव से छात्रा की पहचान राजपुर मेला के दौरान हुई थी और इस दौरान दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गया। आरोपी युवक छात्रा को बहला फुसलाकर अपने साथ भगाकर ले गया और उसके साथ अनाचार किया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को धारा 363, 366, 376 2 (ढ़) एवं पास्को एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है।



# गायत्री प्रज्ञा पीठ पटना में ट्रस्ट का चुनाव

**पटना।** गायत्री प्रज्ञा पीठ पटना प्रांगण में रविवार को ट्रस्ट का चुनाव संपन्न हुआ। इसमें प्रमुख ट्रस्टी रविशंकर शर्मा एवं सहायक ट्रस्टी विनोद शर्मा को सर्वसम्मति से चुना गया। शांतिकुज हरिद्वार से आए प्रांतीय समन्वयक लेखराम साहू व जिला समन्वयक शिवशंकर साहू सहित गायत्री प्रज्ञा पीठ सावांरावां के रामनारायण कुशवाहा, राम स्वरूप यादव एवं काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति में चुनाव संपन्न हुआ। इसमें 9 लोगों को ट्रस्टी बनाया गया।

रवि शर्मा, विनोद शर्मा, योगेन्द्र मिश्रा, रूपचंद गुप्ता, शंकर सोनी, पवन अग्रवाल, उमाकांत दुबे, वंदना शर्मा, सुमित्रा गुप्ता ट्रस्टी चुने गए। इन नौ लोगों ने मिलकर प्रमुख ट्रस्टी रविशंकर शर्मा एवं सहायक ट्रस्टी के रूप में विनोद शर्मा को सर्वसम्मति से चुना। इसी प्रकार चार अलग-अलग समितियां वित्त एवं विधि प्रबंधन, आश्रम देवालय, आंदोलन प्रबंधन समिति, संगठन प्रबंधन समिति का गठन किया गया। इसमें अनिरूद्ध ठाकुर, धीरेन्द्र सोनी, मंजू शर्मा, कमला सोनी, श्रीधर पाण्ड़ेय, आशीष अग्रहरी, राजलाल राजवाड़े, वीनिता दुबे, नीतिन शर्मा, मीना सोनी, योगेन्द्र मिश्रा, अश्वनी साहू, पवन अग्रवाल सहित अन्य लोगों को शामिल किया गया। इस अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार से पहुंचे प्रांतीय समन्वयक लेखराम साहू ने बनाए गए। ट्रस्ट के उद्देश्य, नियम कानून के बारे में बताया व पुर्नर गठन की आवश्यकता के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि पटना ट्रस्ट का गठन 14 अक्टूबर 1999 को किया गया था, इसके पश्चात दो-तीन वर्ष पूर्व अपने स्तर की पुर्नर गठन की कार्रवाई की गई, परंतु शांतिकुंज से अनुमोदन प्राप्त नहीं किया गया, अब विधिवत कराना होगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 1999 में बने 6 ट्रस्टियों का देहावसान हो चुका है। इसमें पितांबर राम पाण्डेय, गीता प्रसाद पाण्डेय, बलभद्र जायसवाल, संपत लाल शर्मा, श्रीमती बिमला देवी व पार्वती देवी रहे, जिसे देखते हुए पुर्नर गठन की आवश्यकता को आज पूरा किया गया। वहीं उपस्थित प्रमुख ट्रस्टी रविशंकर शर्मा के द्वारा गायत्री प्रज्ञा पीठ परिसर में चल रहे निर्माण कार्य व विविध गतिविधियों की जानकारी दी गई। नवनियुक्त सहायक ट्रस्टी विनोद शर्मा ने कहा कि अब जल्द ही एक और बैठक का आयोजन कर कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा, साथ ही समाज में फैली विभिन्न बुराईयों के साथ-साथ नशा उन्मूलन के खिलाफ विशाल रैली निकाली जाएगी।

# झुग्गी बस्ती में स्थायी बिजली कनेक्शन को लेकर जनप्रतिनिधियों ने सहायक अभियंता से की मुलाकात

**बिश्रामपुर।** वर्षों से काबिज झुग्गी बस्ती में विद्युत विस्तार को लेकर बुधवार को नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने बिश्रामपुर विभागीय कार्यालय में सहायक अभियंता से मुलाकात कर मामला सुलझाने हेतु चर्चा की है। चर्चा उपरांत अधिकारी द्वारा सकारात्मक पहल किए जाने का भरोसा दिया गया है। स्थायी बिजली कनेक्शन की मांग को लेकर लंबे अरसे से वार्डवासी जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। गौरतलब है कि नगर पंचायत बिश्रामपुर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12, 13 व 15 के निवासी वर्षों से झुग्गी झोपड़ी में निवास करते हुए अपना जीवनयापन कर रहे हैं। वर्षों बाद भी स्थायी बिजली आपूर्ति की सुविधा ना मिल पाने से वार्ड वासियों को भारी दिक़्क़तों का



सामना करना पड़ रहा है। यहां पर बिजली विभाग द्वारा एसईसीएल का लीज़ एरिया होने का हवाला देते हुए विद्युत विस्तार का कार्य नहीं किया गया है जबकि एसईसीएल के अन्य क्षेत्रों क्रमशः जयनगर फोकटपारा, सतपता, गोरखनाथपुर, गांगीकोट, गोविंदपुर, जैसे अन्य कई पंचायतों में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था कर दी गई है।

# अपशिष्ट बना अतिरिक्त आय का स्त्रोत

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी.राहुल वेंकट के निर्देशन और परियोजना निदेशक नितेश कुमार उपाध्याय के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ग्राम पंचायत पाराडोल एवं चौघड़ा की स्वच्छाग्राही समूह की महिलाएं अपशिष्ट संग्रहण के माध्यम से जहां एक और गांव को स्वच्छ रखने का दारोमदार उठा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत के सहयोग से अपशिष्ट संग्रहण एवं पृथक्करण के माध्यम से अतिरिक्त आय का सृजन कर रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत सप्ताह में दो से तीन दिन में डोर टू डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्य किया जा रहा है। अपशिष्ट संग्रहण में संलग्न स्वच्छाग्राही महिलाओं के द्वारा सेग्रीगेशन सेट में अपशिष्ट उसका पृथक्करण कर व्यवस्थित किया जाता है, संग्रहित अपशिष्ट को कुछ भाग कबाड़ियों को बेचकर आय सृजित की जाती है साथ ही ग्राम पंचायत के सहयोग से घरों से 10 रूपए एवं व्यवसायिक संस्थाओं से 20 रूपए लेकर स्वच्छता यूजर चार्ज लिया जाता है। परिणाम स्वरूप आज सही समय पर ग्राम पंचायत की स्थिति



बदल रही है। धीरे-धीरे चौक-चौराहे साफ-सुथरा और गंदगी मुक्त हो रहे हैं। इसमें ग्राम पंचायत का विशेष योगदान एवं स्वच्छता ग्राही समूह की समर्पित कार्यशैली का सकारात्मक परिणाम है।

### यूजर चार्ज का करती है पंजी संधारण

स्वच्छता ग्राही अमरोती साहू ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा जो भी 10 रूपए यूजर चार्ज लिया जाता है। उसका संधारण स्वच्छता शुल्क पंजी में किया जाता है और माह में उसके हिसाब को दुरुस्त किया जाता है। अभी तक लगभग 20000 हजार रुपए यूजर चार्ज के रूप में एवं 2300 रुपए अपशिष्ट विक्रय का अर्जित किया जा चुका है।

# दिल्ली ट्रेन के बिश्रामपुर स्टेशन स्टॉपेज की लोगों की मांग अब तक अधूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

लंबी प्रतीक्षा के बाद अंबिकापुर से दिल्ली सीधी ट्रेन सेवा सरगुजा सांसद व पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह के प्रयासों से आरम्भ हुई लेकिन बिश्रामपुर क्षेत्र के लोगों के लिए ट्रेन का लाभ लेने में मशक़्क़त करनी पड़ रही है। ग़ौरतलब है कि करीब दो वर्ष पूर्व 14 जुलाई 2022 को इस ट्रेन की शुरुआत स्पेशल ट्रेन के रूप में ट्रायल बेस में शुरू किया गया था।बाद में इसकी मांग बढ़ने व बेहतर प्रतिसाद मिलने से रेलवे ने इसी वर्ष विगत 6 फरवरी से इस ट्रेन को स्थाई नंबर 22407 व 22408 नंबर से नियमित परिचालन की व्यवस्था कर क्षेत्रवासियो को बड़ी राहत प्रदान की है।ट्रायल के दौरान पुरी ट्रेन में एसी कोच थे, बाद में यात्रियों के बीच इस ट्रेन की बढ़ी मांग व पिछड़े सरगुजा क्षेत्र की जनता को सुविधा देने के उद्देश्य से स्थाई नंबर के साथ इस ट्रेन में स्लीपर कोच की भी सुविधा उपलब्ध करा दी है जो संभागवसियो के लिए बड़ी राहत देने जैसी रेल प्रबंधन की पहल मानी गई। संभाग में अंबिकापुर के बाद सर्वाधिक राजस्व देने वाले बिश्रामपुर रेल्वे स्टेशन में इस ट्रेन के यहाँ स्टोपेज़ की माँग स्थानीय लोगों व जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रारम्भ से ही की गई लेकिन आज पर्यंत मांग पुरी नहीं हो सकी है। बता दें कि एन एच 43 से बिश्रामपुर स्टेशन के नज़दीक होने के कारण जिला मुख्यालय सूरजपुर के यात्री भी यहाँ से ही ट्रेन पकड़ते है, इसके अतिरिक्त कोयला क्षेत्र का मुख्यालय होने से भी बिश्रामपुर भटगाँव क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारी बिश्रामपुर स्टेशन से ही रेल सफर तय करते है। ऐसे में दिल्ली ट्रेन का स्टापेज़ बिश्रामपुर स्टेशन को अब तक नहीं देने से यहाँ से दिल्ली का सफर करने वाले यात्रीयों को अंबिकापुर जाना पड़ता है या फिर अनूपपुर से उत्कल अथवा सम्पर्क क्रांति सहित अन्य ट्रेनों से यात्रा करना उनकी मजबूरी बना हुआ है। ऐसे में लंबे समय के बाद अंबिकापुर दिल्ली ट्रेन की सुविधा उपलब्ध होने के बाद भी संभाग का मिनी भारत कहे जाने वाले बिश्रामपुर की जनता को इस ट्रेन का पूर्ण लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## पेज 1 का शेष

### पत्रकार की हत्या...

तीन साल की बेटी और पत्नी के साथ किराए के मकान में रहता था। घटना की सूचना मिलने के बाद मनेन्द्रगढ़ पुलिस और अंबिकापुर फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। आशंका है कि घर में ही युवक की हत्या कर शव को फेंका गया है।

### एमसीबी जिले में ...

वाहन के चालक से इस आशय का शपथ पत्र लिया जाएगा। स्कूल बस में विद्यार्थियों को छोड़कर सिर्फ सुरक्षा उपायों को चेक करने के लिए किसी विद्यार्थी को अभिभावक अथवा शैक्षणिक संस्थान के शिक्षक को ही ले जाने की अनुमति होगी। अन्य किसी व्यक्ति को ऐसे बस में ले जाने की अनुमति नहीं होगी। प्रत्येक स्कूल बस में सीट के नीचे बस्ता रखने का पर्याप्त स्थान होगा। स्कूल बसों का संचालन विहित गति सीमा के भीतर किया जाएगा तथा प्रत्येक बस में स्पीड गवर्नर लगाया जाएगा। प्रत्येक स्कूल बस के दाहिनी ओर एक आपातकालीन दरवाजा होगा, जो हमेशा अच्छी स्थिति में बंद रहेगा, जिसे केवल आपातकालीन स्थिति में ही खोला जाएगा। स्कूल बस का प्रवेश द्वार विश्वसनीय लॉकिंग सिस्टम से युक्त होगा। स्कूल बस की खिड़कियों में फिल्मयुक्त रंगीन कांच अथवा पर्दे नहीं लगाए जाएंगे, ऐसे सुरक्षा कांच जो मोटरयान नियम, 1989 के नियम 100 में प्रावधनित है लगाए जाएंगे। स्कूल बसों में प्रेशर हार्न नहीं लगाया जाएगा। रात्रि में संचालन करने पर स्कूल बस के अंदर नीले रंग का बल्ब लगाया जाएगा। स्कूल बसों का नियमित रूप से रख-रखाव किया जाएगा और स्वच्छ रखा जाएगा। संविदा वाहन के लिए मोटर यान अधिनियम, 1988 (1988 का से 59) की धारा 56 के अंतर्गत वैध उपयुक्तता प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा। प्रत्येक स्कूल बस में वैद्य बीमा प्रमाण पत्र प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र एवं कर जमा होने का प्रमाण पत्र रखना होगा। कोई भी स्कूल बस 12 वर्ष से अधिक पुरानी नहीं होगी।

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना
के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय बैकुण्ठपुर में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।
उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी मासिक बिल और पावती (ग्राहक प्रति), साथ में लावें।
उपहार प्राप्त करने का समय
सोमवार से शनिवार, सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
स्थान: हरिभूमि कार्यालय
पुराना सेंट्रल बैंक के सामने कचहरी रोड
बैकुण्ठपुर मो. 7999269642

### बाइक सहित सड़क किनारे गिरा युवक, मौत

**अम्बिकापुर।** बाइक से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिरने से गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार पटना थाना अंतर्गत ग्राम कटकोना निवासी भुवनेश्वर आ. भगलू (28 वर्ष) मंगलवार को बाइक से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया।










मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खुन या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)